हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

04 एसपी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन, शहीदों...



08 विजयादशमी पर संघ का पथ संचलन, तीन बस्तियों से निकले ...



दशहरा मैदानों में राम-रावण युद्ध और आतिशबाजी रही मुख्य आकर्षण

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का पर्व, धूं-धूं कर जला रावण का अहंकार

सुबह नीलकंठ पक्षी के दर्शन और घरों में गिलकी के भजियों का लिया गया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पावन पर्व मंगलवार को जिले भर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रमुख नगरों एवं ग्रामीण अंचलों में रावण दहन देखने के लिए आमजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते ही जैसे ही श्रीराम के बाण से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले धू-धू कर जले, पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

बता दें दशहरे के दिन जिले भर में परंपराओं का निर्वहन किया गया। सुबह की शुरुआत के साथ ही लोगों ने नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए, जिसे दशहरा के दिन देखना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही एक-दूसरे को शमी पत्ती देकर बड़ों का आशीर्वाद लिया गया और पर्व की बधाइयां दी गईं। जिले की परंपरा के अनुसार घरों में गिलकी के भजिए बनाए गए, जिनका स्वाद लिया गया।



राम-रावण युद्ध रहा आकर्षण का केंद्र

दशहरा मैदानों में रावण दहन से पूर्व भगवान श्रीराम और लंकापति रावण की सेनाओं के बीच प्रतीक युद्ध का सुंदर मंचन किया गया। कई स्थानों पर श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों की मनमोहक झांकियां निकाली गईं। रावण दहन के ठीक पहले हुई रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे आसमान को सतरंगी रोशनी से सराबोर कर दिया, जिसे देखने के लिए लोग रात तक मैदानों में डटे रहे।

जले 40 से 71 फीट तक के पुतले

जिला मुख्यालय सहित आष्टा, जावर, कोठरी, मेहतवाड़ा, इछावर, बिलकिसगंज, श्यामपुर, रेहटी, बुधनी, भैरुंदा, शाहगंज और लाडक्कुई सति अंचलों में विजयादशमी का भव्य आयोजन हुआ। हिंदू उत्सव समितियों और दशहरा उत्सव समितियों द्वारा 40 से लेकर 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले तैयार करवाए गए थे। जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध बाल विहार मैदान, गंज दशहरा मैदान, मंडी स्थित और कस्बे में रावण दहन किया मैदान, सीवन नदी चौराहा गया। छावनी बाल विहार मैदान में छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

प्रशासन और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख मैदानों पर सुरक्षा बल तैनात रहे तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

आष्टा में 71 फीट का रावण दहन

आष्टा के नया दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव समिति द्वारा जिले का सबसे ऊंचा यानी 71 फीट का विशालकाय रावण पुतला बनाया गया, जिसका दहन देखने के लिए विशाल जनसैलाब उमड़ा। जावर में वार्ड क्रमांक 03, लंकापुरी में हिंदू उत्सव समिति द्वारा 52 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। भैरुंदा में नवापारायण समिति द्वारा 66 वर्षों से आयोजित दशहरा मैदान में 42 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। गांधी चौक से निकली झांकियां और राम-जानकी जुलूस आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।

बुधनी के दशहरा मैदान में 128 साल पुरानी परंपरा को निभाते हुए 41 फीट का रावण जलाया गया, वहीं रेहटी कृषि उपज मंडी में 129 वर्षों से आयोजित उत्सव में 43 फीट के रावण का दहन हुआ। शाहगंज नई बस्ती स्थित दशहरा मैदान में 100 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार 41 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

अंबाजी धाम पर हुआ हवन पूर्णाहुति के बाद महाप्रसादी का वितरण



मंदसौर। अंबाजी धाम निपानिया में नवरात्रि के नौवें दिन मंदसौर नीमच लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता महाआरती में सम्मिलित हुए। धाम पर युवाओ को देखकर कहा कि इस समय में धर्म के काम में युवाओं द्वारा पूरी व्यवस्था देखी जा रही हे जो आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार और मार्गदर्शन की ओर अग्रसर करती है। नवरात्रि में नो ही दिन महिलाएं और बालिकाएं दूर दूर से गरबा खेलने धाम पर आई जिसमें हर दिन समिति द्वारा गरबा खेलने वाली माताओं बहनों को अलग अलग उपहार भेट किए । नौवें दिन धाम के अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर भी पहुंचे धाम पर गरबा खेलने वाली माताओं ओर बहनों तथा धाम की अच्छी रील बनाने वाले को टोकन वितरण कर उपहार भेट किए जिसमें धमनार निवासी शिवानी पिता गोपाल चौहान को इलेक्ट्रिक स्कूटी उपहार में भेट की गई दूसरी स्कूटी इशाकपुर निवासी सुनील भावसार को भेट की गई । इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

सौभाग्यवती पांच हजार सुहागिन माताओं बहनों को चूड़ियां मेंहदी व टिक्की का वितरण

शहर में गरबा मंडल द्वारा पुरस्कार किए गए वितरित



मल्हारगढ़/मंदसौर। नवरात्रि के पावन पर्व पर नवदुर्गा गरबा मंडल बस स्टैंड पर गरबा पांडाल में नौ दिनों तक माता बहनों द्वारा गरबा नृत्य प्रस्तुत किए एवं माताराणी की आराधना की गई। जिसमें दीपक प्रतियोगिता, कटोरी नृत्य प्रतियोगिता, महिलाओं की चुन्नी वेस प्रतियोगिता, नॉन स्टॉप पारी सहित अनेक ग्रुपों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसका पुरस्कार वितरण गरबा मंडल संरक्षक जगदीश सोनावा, अध्यक्ष पंकज शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप तिवारी, नरेंद्र भाना, मिडिया प्रभारी जितेंद्र बैरागी, विरेंद्र सिंह ठाकुर, अंकित कांसल, रौनक परिहार, हरीश मंडवारिया, विशाल मंडवारिया विजय राठौर, अभिषेक राठौर, विकास राठौर, आकाश राठौर, जय मालेचा, विजय मालेचा द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

36 क्विंटल गेहूं और 9 क्विंटल चावल का होगा आवंटन

सीहोर। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, द्वारा जारी आवंटन के अनुसार सीहोर जिले में दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नवंबर माह-2026 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदान करने के लिये गेहूं एवं चावल का आवंटन किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा जारी आवंटन के अनुसार सीहोर, आष्टा एवं बुधनी नगरीय निकायों को कुल 36 क्विंटल गेहूं और 9 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है। इसमें प्रत्येक नगरीय निकाय को 12 क्विंटल गेहूं तथा 3 क्विंटल चावल मिलेगा। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार गेहूं एवं चावल का प्रदाय एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से किया जाएगा।

मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के 3 खिलाड़ियों का चयन




मन्दसौर। 70वीं राज्य स्तरीय शालेय 14 वर्ष बालक/ बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 से 26 अक्टूबर 2026 तक मुरैना अंम्बाह में आयोजित की जाएगी, जिसमें मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ीयों बालिका टीम में दुर्गा आर नायर ,अलिजा और बालक टीम में मो.अर्श का चयन हुआ है यह सभी खिलाड़ी उज्जैन संभाग बालक एवं बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे,। यह जानकारी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर व कोच अभिषेक सेठिया ने दी।

श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में हवन और आशीर्वचनों के साथ नवरात्र महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

श्री केशव सत्संग भवन, खानपुरा में नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक श्री रामचरितमानस नवान्ह पारायण का समापन विधि-विधानपूर्वक हवन, आरती एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर वृंदावन सेआए परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी अनन्तदेव महाराज के पावन आशीर्वचन हुए। स्वामी अनन्तदेव महाराज ने सनातन हिंदू धर्म में पंचमहादेवों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन की बुराइयों का त्याग कर उन्हें दोबारा न अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। विधि-विधान, नियम और श्रद्धा के साथ की गई उपासना तथा सदाचरण से जीवन में निश्चित रूप से शुभ फल प्राप्त होते हैं। उन्होंने धर्म, भक्ति और आत्मशुद्धि के महत्व को भी रेखांकित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्वामी महाराज का पुष्पहारों से स्वागत एवं सम्मान किया। धार्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन के अंत में प्रसादी भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित रहे- श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया, सचिव कारूलाल सोनी, उपाध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, जयप्रकाश गर्ग, कोषाध्यक्ष मदनकुमार गेहलोत, सहसचिव प्रवीण देवड़ा, न्यासीगण बंशीलाल टांक, प्रहलाद काबरा, जगदीशचन्द्र गर्ग, संतोष जोशी, जगदीशचन्द्र भावसार, अजय मित्तल, अजय सिखवाल, राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। अंत में आभार जगदीशचन्द्र सेठिया ने माना।



नवमी पर मेघ यश गरबा महिला समिति द्वारा शस्त्र पूजन व संकल्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

पार्षद भारती पाटीदार के नेतृत्व में नवरात्रि के महापर्व पर नवमी के पावन अवसर पर मेघ यश गरबा महिला समिति के तत्वावधान में वृहद स्तर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदसौर विभाग के कारवाह डॉ. सुमन कुशवाह ने शस्त्र पूजन कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर समिति की सभी महिलाओं ने संकल्प लिया कि जिस प्रकार माँ दुर्गा के हाथों में शास्त्र और शस्त्र दोनों हैं, उसी प्रकार सनातन संस्कृति के अनुरूप अपनी आने वाली पीढ़ी को शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र विद्या में भी निपुण किया जाएगा। अधर्म पर धर्म की जीत को दशार्ने के उद्देश्य से महिषासुर वध का नाट्य रूपांतरण तृप्ति जी पाटीदार के द्वारा तैयार किया गया, जिसमें महिषासुर की मुख्य भूमिका में समिति की कोरियोग्राफर कंचन उपाध्याय रहीं एवं आदिशक्ति की भूमिका माही जमावानी ने निभाई। इस नाट्य मंचन की सभी दर्शकों ने बहुत सराहना की। कार्यक्रम में समिति की समस्त महिला सदस्य समिति के संयोजक व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।



बाबा साहब ने हमेशा समाज के लिए कार्य किया: राज्यसभा सांसद गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़

राज्यसभा सांसद किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि बचपन से उनको जो संस्कार मिले थे और जिस तरीके से समाज में अलगाव था उस अलगाव को सहते हुए उन्होंने जिन परिस्थितियों में शिक्षा ग्रहण की ऐसे बाबा भीमराव अंबेडकर थे। कुशा भाऊ ठाकरे बस स्टैंडपर नगर परिषद द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्टैंड के भूमिपूजन के अवसर पर राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा ।वास्तव में जिसने शिक्षा ग्रहण कर ली वह समाज में स्वीकार्य हो जाता है हमेशा समाज में समरसता बनी रहे जीवन पर्यंत उसके लिए उन्होंने काम किया समाज में कुछ लोग अपने स्वास्थ्य के लिए सामाजिक अलगाव पैदा करने की कोशिश करते हैं समाज में लोग स्वार्थके लिए गलतफहमियां पैदा करके उनको संगठित करके अपना राजनीतिक उद्देश्य पूरा करते हैं।



बाबा साहब ने जो कार्य समाज के लिए किया उन कामों को हमेशा याद करते रहेंगे

क्षेत्रीय विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि महापुरुषों की मूर्तियां इसलिए लगाई जाती है कि आने वाली पीढ़ियां उनको देखकर उनका इतिहास जाने और उनको याद रखें कि इन्होंने समाज व राष्ट्र के लिए उनका क्या योगदान है वहीं नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव द्वारा कहा गया कि समाज क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक गौरवशाली दिन है की बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की मूर्ति लगाने का हम भूमि पूजन कर रहे हैं और दो माह में हम मूर्ति का अनावरण भी करेंगे मचासीन अतिथियों में शांतिलाल मालवीय महेश जुनवाल मुकेश सूर्यवंशी दयाराम आलोक दीपक जांगड़े डाली बाई जोशी आदि थे सभी अतिथियों का स्वागत परिषद के पार्षद हुआ भाजपा पदाधिकारी द्वारा पुष्प माला पहनकर किया गयाकार्यक्रम का संचालन मुकेश दानगढ़ आभार सीएमओ सुरेश यादव द्वारा व्यक्त किया गया।

दीपावली पर मिट्टी के सामानों की बिक्री पर नहीं वसूला जाएगा कोई कर

मन्दसौर। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के प्रदेश सचिव बाबूलाल प्रजापत द्वारा दी गई जानकारी और कार्यालय कलेक्टर, जिला मंदसौर के आदेश के अनुसार, आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन ने माटी शिल्पियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्व के दौरान कुम्हार समुदाय के पारंपरिक शिल्पियों द्वारा मिट्टी की मूर्तियां, दीये, खिलौने और अन्य सजावटी उत्पाद बनाए जाते हैं. इसे प्रोत्साहित करने के लिए जिला कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि स्थानीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट-बाजारों में इन शिल्पियों को उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री सुगमता से कर सकें। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन शिल्पियों से किसी भी प्रकार की कर वसूली न की जाए, जिससे मिट्टी के दीयों, मूर्तियों और अन्य सजावटी सामानों के उपयोग को अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके।

उपमुख्यमंत्री व दोनों सांसदों से चर्चा के बाद दीक्षित ने दिया भरोसा

अफीम नीति जल्द हो सकती है घोषित: दीक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगातार किसान हितैषी काम किए हैं। अफीम किसानों के हित में लगातार बेहतर नीति बनाई गई है। इस वर्ष भी किसान हितैषी अफीम नीति घोषित होने की पूरी तैयारी है, आगामी दो या तीन दिन में किसान हितैषी अफीम नीति जारी होने की पूरी संभावना है। कुछ लोग समय का बहाना कर किसानों को बहकाने और बरगलाने में लगे हैं। मेरी किसानों से अपील है कि वह किसी के भी बहकावे में नहीं आएं।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान हितैषी अफीम नीति प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कही। दीक्षित ने बताया कि उन्होंने बुधवार को मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं सांसद सुधीर गुप्ता से चर्चा कर अफीम नीति जारी किए जाने के संबंध में विस्तार से बात की है। वरिष्ठ नेताओं ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही अफीम नीति जारी की जाएगी और नीति पूरी तरह से किसानों के हित में होगी। किसानों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। किसान भाई अपनी तैयारी रखें, जल्द ही यह नीति जारी हो जाएगी।

दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस और कुछ नेता लगातार किसानों को बहकाने में लगे रहते हैं। उनका काम केवल अपने स्वार्थ की राजनीतिक रोटियां सेकना रहता है। लेकिन किसान जानता है कि उनका भला किस सरकार ने किया है। दीक्षित ने कहा कि चाहे क्षेत्र में चंबल का पानी खेतों तक पहुंचाने की योजना हो या बिजली व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की, खेती का रकबा बढ़ाना हो या किसान सम्मान निधि का विषय हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लगातार किसान हित में ही कदम उठाए गए हैं। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने लगातार किसानों के हित में काम किया है। किसान यह अच्छे से जानते हैं कि भाजपा की सरकार में अफीम किसानों के लिए लगातार बेहतर प्रावधान हुए हैं।



अफीम नीति दो दिवस में जारी होने की शत-प्रतिशत संभावना: बंशीलाल गुर्जर

मंदसौर। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने आगामी अफीम नीति को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय एवं नारकोटिक्स कमिश्नर ग्वालियर दिनेश बिसेन से चर्चा अनुसार कहा कि आगामी दो दिवस में अफीम नीति जारी होने की शत-प्रतिशत संभावना है। हमारी सरकार अफिम उत्पादक कृषको के हितो हेतु निरन्तर कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से भ्रमित न हों और धैर्य बनाए रखें। गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता, फसल सुरक्षा और सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भी किसानों से जुड़े वित्तीय एवं नीतिगत विषयों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदसौर, नीमच सहित आसपास के क्षेत्रों के अफिम, किसानों के लिए अफीम नीति महत्वपूर्ण विषय है। केंद्र सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल नीति जारी कर रही है।



खबर संक्षेप

ट्रक हड़पने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

देवास। कन्नौद पुलिस ने एग्रीमेंट और किस्तें चुकाने का झांसा देकर लाखों रुपये कीमत के ट्रक हड़पने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सोशल मीडिया पर ट्रक बिक्री का विज्ञापन देखकर वाहन मालिकों से संपर्क करते थे और कुछ नकद राशि देकर शेष किस्तें जमा कराने का आश्वासन देकर ट्रक ले जाते थे।मामले में कन्नौद के दो ट्रक हड़पकर हरियाणा के गुरुग्राम पहुंचाने की बात सामने आई है। पुलिस ने हसीन खान और इरशाद निवासी विदिशा, दानिश निवासी भोपाल तथा अशफाक अली निवासी उज्जैन को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों की हाटपीपल्या, इंदौर, विदिशा, छतरपुर और हरियाणा में भी इसी तरह की घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक की कीमत करीब 53 लाख रुपये बताई गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

18 वर्ष के युवा मतदाता सूची में जुड़वाए नाम

देवास। मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा डिजिटल माध्यम भी उपलब्ध कराया गया है। नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के अधिकृत मतदाता सेवा पोर्टल पर जाकर अथवा गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर घर बैठे ऑनलाइन फॉर्म-6 भर सकते हैं। प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाते हुए इस बार प्रारूप के साथ किसी भी प्रकार का अलग से घोषणा-पत्र लगाना अनिवार्य नहीं है। संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे पात्र मतदाताओं से फॉर्म-6 के साथ अनावश्यक घोषणा-पत्र की मांग न करें। युवा जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष पूर्ण हो चुकी है व 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पात्र हैं।

पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर अमर वीरों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

एसपी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन, शहीदों के नामों का किया वाचन

शहीद जवानों के परिजनों की मौजूदगी में याद किया सर्वोच्च बलिदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश की आंतरिक सुरक्षा और आमजन की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस जवानों की स्मृति में बुधवार को पुलिस लाइन देवास स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और शहीद जवानों के परिजनों ने अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को याद किया। समारोह में एसपी पुनीत गेहलोद ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों के नामों का क्रमवार वाचन किया। इसके बाद शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र और पुष्पमालाएं अर्पित कर नमन किया। लोगों ने मौन धारण कर शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान वातावरण देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओतप्रोत रहा।

शहीदों के परिजनों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार, एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान, एएसपी यातायात हरनारायण बाथम सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विशेष सशस्त्र बल के जवान और देवास जिले के शहीद पुलिसकर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। शहीदों के परिजनों की मौजूदगी ने समारोह को भावुक और गरिमामय बना दिया। देवास पुलिस ने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

हॉट स्प्रिंग्स में शहीद हुए थे 10 जवान

पुलिस शहीद स्मृति दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए 10 भारतीय पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। इन जवानों का बलिदान भारतीय पुलिस के इतिहास में साहस, शौर्य और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। इसी बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष देशभर में यह दिवस मनाकर कर्तव्यपथ पर प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

बलिदान पुलिस बल के लिए प्रेरणा : एसपी

एसपी गेहलोद ने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान पुलिस बल की कर्तव्यनिष्ठा, साहस और समर्पण की अमर प्रेरणा है। देश और समाज की सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों की शहादत पुलिसकर्मियों को हर परिस्थिति में निर्भीक होकर कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि देवास पुलिस शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए नागरिकों की सुरक्षा, सेवा और विश्वास के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी।

नर्मदा पानी की मांग को लेकर महिलाएं पहुंचीं एसडीएम कार्यालय

एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

गांव में पेयजल संकट से परेशान भमोरी की सैकड़ों महिलाएं और पुरुष नर्मदा का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। महिलाओं ने हाथों में खाली डिब्बे लेकर नारेबाजी की और एसडीएम शिवम यादव को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों की मांग है कि चापड़ा से करनावद जा रही नर्मदा पाइपलाइन से भमोरी गांव को भी जोड़ा जाए, ताकि पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सके।ग्रामीणों के अनुसार, गांव में नल-जल योजना की टंकी तो बनी हुई है, लेकिन बोर में पानी नहीं होने के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। महिलाएं एक से दो किलोमीटर दूर स्थित कुओं से पानी भरकर ला रही हैं, वहीं कई परिवार निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। खाली डिब्बे लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचीं महिलाओं ने जमकर नारेबाजी भी की।एसडीएम शिवम यादव ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और ज्ञापन लेकर निराकरण का आश्वासन दिया। कैलाश पाटीदार ने बताया कि गांव में पीने के पानी की गंभीर समस्या है। ग्रामीण चाहते हैं कि अन्य गांवों की तरह भमोरी को भी नर्मदा पाइपलाइन से जोड़ा जाए, जिससे लोगों को नियमित रूप से पेयजल मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीण आने वाले समय में उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।इस अवसर पर ललिता बाई मंडलोई, मीराबाई पाटीदार, कमलाबाई पाटीदार, ललता बाई, बसंता बाई, गोमती बाई कोली, रेशम बाई, संगीता कोली, शुभम पाटीदार, महेंद्र जायसवाल, राधेश्याम पाटीदार, श्रवण पाटीदार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

युवा उत्सव के आवेदन का आज आखिरी दिन

देवास। जिले के प्रतिभावान युवाओं को अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन करने के लिए एक शानदार मंच मिलने जा रहा है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन में भाग लेने के लिए जिले में 22 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। इस वर्ष युवा उत्सव की समस्त सांस्कृतिक गतिविधियां ''नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' की थीम पर आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी युवा एवं कला दल आगामी 22 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम, विकास नगर, देवास में व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही शासन के नियमानुसार सभी प्रतिभागियों का माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन होना अनिवार्य है। नियमों के तहत कोई भी एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग लेने के लिए पात्र होगा।खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं को शामिल किया गया है। इसके तहत समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक विधाएं आयोजित होंगी।

बालिकाओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



नगर के छोटा हनुमान चौक स्थित न्यू आराधना नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक माता की भक्ति में गरबा और डांडिया प्रस्तुत करने वाली नन्ही-मुन्नी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं ने प्रतिदिन माता के सुंदर भजनों पर आकर्षक गरबा प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।नवरात्रि के समापन पर समिति सदस्यों ने बालिकाओं का पाद-पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी कन्याओं को भोजन कराया गया और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर न्यू आराधना नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्य दिलीप दिलवाया, रितेश चिचानी, श्रीकृष्ण राठौर, अरविंद राठौर, शोभित लाहोटी, गौरव जाजू, अनुज भूतड़ा, गोलू शर्मा, पंकज जाजू, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रदीप राठौर, मनोज राठौर, मेहरबान ठाकुर, कपिल मंत्री, राहुल खाटवा, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने बालिकाओं को पुरस्कार और उपहार वितरित किए।

पंडाल की आड़ में चल रहा था जुए का फड़, 15 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली पुलिस ने माताजी पंडाल की आड़ में जुआ खेलते 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 9,580 रुपये नकद, ताश की तीन गड्डियां और 13 एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं।पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि रात के समय पंडाल की आड़ में रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। इस पर एएसपी गजेन्द्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन और सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया की टीम ने दबिश देकर कार्रवाई की।गिरफ्तार आरोपियों में अर्श पांडे, शुभम राव, दीपेश मोर्य और भावेश विश्वकर्मा सहित 15 लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, इनमें से चार आरोपियों के विरुद्ध पहले से मारपीट, बलवा और आर्म्स एक्ट सहित कुल आठ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

बालगढ़ में निकलेगा विसर्जन चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां चामुंडा की पावन नगरी देवास की तर्ज पर बालगढ़ में भी मां दुर्गा का विसर्जन चल समारोह परंपरा अनुसार निकलेगा। 20 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही इस परंपरा में बालगढ़ सहित आसपास की कॉलोनियों की माता रानी की प्रतिमाएं शामिल होंगी। ढोल-नगाड़ों की गूंज, मां के जयकारों और भक्ति संगीत के बीच निकलने वाले इस भव्य चल समारोह में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। चल समारोह में करीबन 15 आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं, विभिन्न अखाड़ों के कलाकार अपने हैरतअंगेज पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन करेंगे। माता रानी की प्रतिमाओं के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं द्वारा स्वागत मंच सजाए जाएंगे। जगह-जगह पुष्पवर्षा, प्रसादी वितरण और विशाल भंडारों का आयोजन भी होगा। बालगढ़ के सभी समाजों के साथ विभिन्न संस्थाएं माता रानी का भव्य स्वागत करेंगी। श्री गंगोत्री युवा ग्रुप द्वारा भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष माता रानी एवं चल समारोह समिति के अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। मां दुर्गा का विसर्जन चल समारोह बालगढ़ के प्राचीन दुर्गा माता मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगा।

क्षत्रिय मराठा समाज ने किया शस्त्र पूजन



देवास। क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयादशमी पर्व पारम्परिक रूप से शमी, शस्त्र पूजन व मिलन समारोह आयोजित कर मनाया गया। समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने बताया का बालगढ़ रोड़ स्थित श्री मल्हार मार्तण्ड मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह का विधिवत शुभारंभ कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिंदे ने भगवान श्री मल्हार मार्तण्ड का अभिषेक, पूजन व आरती कर किया। तत्पश्चात समाजजनों ने शमी व शस्त्र पूजन किया। इसके पश्चात दशहरा मिलन समारोह शुरू हुआ, जिसमें क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने समाजजनों को इत्र छिडकर विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मराठा समाज के ट्रस्टी प्रमोद जाधव, श्याम बोराडे , गजानन देशमुख, गिरीश भवर,नरेंद्र पिशाल सहित समाजजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

राजपूत समाज का शस्त्र पूजन संपन्न



देवास। विजयादशमी पर अग्निवंशी राजपूत समाज द्वारा वर्षों से चली आ रही क्षत्रिय समाज की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी शस्त्र पूजन किया गया। 20 अक्टूबर को अपना मैरिज गार्डन देवास में समाज जन की उपस्थिति मे प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर भंवरसिंह राणा ने माल्यार्पण किया और समाज के वरिष्ठ रमेश सिंह ठाकुर, श्याम सिंह चौहान, ओम दरबार, देवेंद्र सिंह बघेल द्वारा विधि विधान से शस्त्र पूजन और हवन करके राजपूत समाज और सनातन धर्म में एकता, अखंडाता एवं विश्वशांति की कामना करते हुए हवन में आहुति दी गई। कार्यक्रम में पधारे सभी राजपूत सरदारों का आभार पंकज सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यकारिणी का दशहरा मिलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास की जिला कार्यकारिणी का दशहरा मिलन समारोह मल्हार स्मृति परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक चौहान ने की। विशेष अतिथि प्रदेश अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी तथा प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा थे। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष ए.के. चौहान ने उपस्थित सभी सदस्यों को दशहरे की शुभकामना दी। समारोह में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं देकर सबका मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर जिले की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कार्यक्रम में कांतिलाल पटेल, छोटेलाल माली, नाथूलाल राठौर, घनश्याम चौहान, रामलाल लुवानिया, जगदीशचंद्र जायसवाल, प्रकाशचंद्र चौधरी, राधेश्याम शर्मा, लक्ष्मीनारायण मोहरी, विक्रमसिंह पटेल, भंवरलाल मालवीय, प्रमोद कुमार भावसार, शंकरलाल शर्मा उपस्थित थे। अंत में जिला सचिव अनिल नागर ने आभार व्यक्त किया।

मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर महिलाओं ने खेला सिंदूर



देवास। बालगढ़ रोड स्थित बंगाली कॉलोनी में बुधवार को बंगाली समाज द्वारा पारंपरिक सिंदूर खेला उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पांच दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के बाद विजयादशमी पर सुहागिन महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया और पान-मिठाई का भोग लगाया। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा से अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी उम्र की कामना की। बंगाली समाज की तृप्ति ने बताया कि देवास की बंगाली कॉलोनी में सिंदूर खेला की परंपरा करीब 45 वर्षों से निभाई जा रही है।

रावण दहनकर हर्षोल्लास से मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



नगर में विजयादशमी का पर्व बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कृषि उपज मंडी परिसर स्थित दशहरा मैदान में नगर परिषद द्वारा 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया।

रावण दहन होते ही मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजन से पहले खेड़ापति मंदिर से जुलूस निकाला गया, जिसमें बैंड-बाजे, ढोल, अखाड़े और भगवान रामदरबार की आकर्षक झांकी शामिल रही। जुलूस दशहरा मैदान पहुंचा, जहां विधि-विधान से शमी पूजन के बाद रावण दहन किया गया। रावण दहन से पहले आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं, गुरुकृपा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मां दुर्गेश्वरी माता मंदिर रानीबाग में 10 दिवसीय शारदीय नवरात्रि महोत्सव के समापन के बाद 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुर्गेश्वरी उद्यान में रात 8:30 बजे विशाल रावण दहन का आयोजन किया गया। रंगारंग आतिशबाजी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उमड़े। आयोजक दुष्यन्त पांचाल ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और एक-दूसरे के साथ दशहरा पर्व की खुशियां साझा कीं। रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। आयोजन ने क्षेत्र में दशहरा पर्व की पारंपरिक छटा बिखेर दी।कार्यक्रम में मनोज राजानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पार्षद तुलसीराम पांचाल, नेता प्रतिपक्ष प्र. राहुल पंवार, संतोष मोदी और जाकिर भाई शामिल हुए। सभी अतिथियों की उपस्थिति में रावण दहन किया गया।कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया। आयोजन में दुर्गेश्वरी माता मंदिर समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। समिति ने धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इस आयोजन को संपन्न कराया। आतिशबाजी और रावण दहन के दौरान क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

अंबिका चौक पर भंडारे के साथ हुआ नौ दिवसीय आयोजन का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर 9 दिनों तक नवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा गरबा सहित अन्य धार्मिक देश भक्ति गीतों पर स्थितियां दी गई। नगर के 7 स्कूल के बच्चों ने इस नवरात्रि पर में भाग लिया। सोमवार शाम को पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि मिश्रीलाल महाराज, समिति अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार, पुजारी रवि शंकर दुबे, धर्मेंद्र सिंह सेंधव के उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया। गरबा करने वाली बालिकाओं को स्व. कल्याण सिंह सेंधव की स्मृति में बलवान सिंह सेंधव की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। मां अंबिका का श्रृंगार करने वाले अनुराग कारपेंटर, गरबा सीखाने वाली रितिका प्रजापत, दिव्या वैष्णव को विशेष पुरस्कार भेट किया गया।

दशहरा मैदान में राम-लक्ष्मण के तीर से हुआ रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



नगर में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दशहरा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के प्रतीकात्मक तीर चलाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इस दौरान मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक आतिशबाजी ने आयोजन का उत्साह और बढ़ा दिया। भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के बाद रावण दहन किया। रावण दहन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। आयोजन के दौरान प्रशासन भी व्यवस्थाओं को लेकर मुस्तैद रहा।

खबर संक्षेप

महरौनी में बाइक रोककर दो युवकों से मारपीट

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान एक युवक का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर महरौनी पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना महरौनी के ग्राम पठा विजयपुरा निवासी भागीरथ पुत्र हज्जू ने बताया कि 19 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे वह अपने साथी सोकेन्द्र पुत्र संतोष के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। जब दोनों ग्राम गुन्दरापुर और कसारी के पास पहुंचे, तभी रास्ते में उन्हें रोक लिया गया। आरोप है कि इसके बाद कल्लू, संजू, जानकी और अरविन्द ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान भागीरथ का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ग्राम बैजनाथ निवासी कल्लू पुत्र खज्जू, संजू पुत्र बब्लू, जानकी पुत्र गुब्बा और अरविन्द पुत्र हरीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

युवक पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र के ग्राम कडेसरा कलां कटक्यारी में घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए लोगों ने युवक को रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने के बाद लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में युवक को चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। शिकायत पर तालबेहट पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसरा कलां कटक्यारी निवासी राजेश पुत्र इमरत यादव ने बताया कि 17 अक्टूबर की रात करीब 10.30 बजे वह अभिराज ढाबा टेकरी से खाना लेकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जब वह धर्म यादव के घर के पास आम रास्ते पर पहुंचा, तभी दो मोटर साइकिलों पर सवार कुछ लोगों ने उसे घेरकर रोक लिया। आरोप है कि रास्ते में रोकने के बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर निलू यादव, संतोष यादव और उनके साथ मौजूद दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में राजेश को चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट के दौरान मोबाइल फोन, बैंक की दो पासबुक और चेकबुक भी कहीं गिर गईं।

यात्री बस से भारी मात्रा में आतिशबाजी बरामद

ललितपुर। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के बीच तालबेहट पुलिस ने यात्री बस से भारी मात्रा में आतिशबाजी सामग्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार, झांसी से मध्य प्रदेश के सागर की ओर जा रही यात्री बस में बिना वैध दस्तावेजों के पटाखे ले जाए जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बस चालक, कंडक्टर और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया। बरामद सामग्री को कब्जे में लेते हुए बस सीज कर दी गई है। पूछताछ में झांसी बस स्टैंड के पास रहने वाले अनवर नामक व्यक्ति का नाम सामने आया है, जिसकी भूमिका की पुलिस जांच कर रही है। 20 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे तेरई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवजीत सिंह पुलिस टीम के साथ दशहरा और मूर्ति विसर्जन के मद्देनजर तेरई चौकी के सामने हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झांसी से सागर की ओर जा रही यात्री बस संख्या एमपी 15 जेड.के. 6453 में बड़ी मात्रा में आतिशबाजी सामग्री ले जाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने बस को रुकवाकर तलाशी ली। इस दौरान बस के पिछले गेट के पास यात्री सीट के सामने चार गत्ते रखे मिले।

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन-2026 को लेकर प्रशिक्षण संपन्न

शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम सत्य प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें निर्वाचन से संबंधित जिम्मेदारियों, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्नातक निर्वाचन की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सक्रिय रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ऐसा वातावरण सुनिश्चित करना है, जिसमें प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय, दबाव अथवा प्रलोभन के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।

प्रशिक्षण के दौरान जोनल मजिस्ट्रेटों को उनके आवंटित क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को बताया गया कि मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण अथवा आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करें और नियमानुसार त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें। जोनल मजिस्ट्रेटों को अपने क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश भी दिए गए। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान से पहले अपने-अपने सेक्टर के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उन्हें मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, रैंप और सुरक्षा व्यवस्था सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मतदान केंद्रों पर किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर समय रहते उसका निराकरण कराने पर जोर दिया गया।

मतदान के दिन मॉक पोल निर्धारित समय पर शुरू कराने, मतदान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखने और प्रत्येक दो घंटे में मतदान प्रतिशत तथा बूथ की स्थिति की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी समझाई गई। इसके अतिरिक्त पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित रूप से मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और मतदान समाप्त होने के बाद निर्वाचन सामग्री को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने की व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों से निर्वाचन संबंधी दायित्वों को गंभीरता से लेने और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने की अपेक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

कर खाद्य सुरक्षा विभाग ने कराया नष्ट

ललितपुर में बस से 22 क्विंटल मिठाई, खोया व हींग बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तेरई फाटक के पास जांच के दौरान एक बस से भारी मात्रा में मिठाई, खोया और हींग बरामद की। बस में करीब 22 क्विंटल खाद्य सामग्री लदी हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपये बताई गई है। खाद्य सामग्री के संबंध में चालक और परिचालक कोई बिल या इनवॉइस प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिल्क केक, स्पेशल बर्फी, खोया और हींग के एक-एक नमूने संग्रहित किए तथा संबंधित खाद्य सामग्री को नष्ट करा दिया। तेरई फाटक चौकी प्रभारी से मिली सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बस संख्या एम.पी. 15 जेड.के. 6453 को रोककर जांच की। जांच के दौरान बस में खाद्य पदार्थों के कुल 43 नग, पैकेज पाए गए। इनमें करीब 15 कुंतल मिल्क केक और स्पेशल बर्फी, लगभग छह क्विंटल खोया तथा 50 किलोग्राम हींग लदी हुई थी। इस प्रकार कुल खाद्य सामग्री का वजन करीब 22 क्विंटल बताया गया। जांच के दौरान बस के चालक और परिचालक ने बताया कि खाद्य सामग्री झांसी से लादकर सागर ले जाई जा रही थी।

मिल्क केक, स्पेशल बर्फी और खोया के नमूने लेकर जांच को भेजे

विभाग को मिली जानकारी के अनुसार, खोया और मिठाइयां राजस्थान के धौलपुर तथा मध्य प्रदेश के मुरैना और ग्वालियर से लाई जा रही थीं। परिचालक ने बताया कि झांसी बस स्टैंड पर राकेश साहू और रशीद नामक व्यक्तियों ने यह सामग्री सागर भेजने के लिए बस में रखवाई थी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के दौरान मिल्क केक, स्पेशल बर्फी, खोया और हींग के एक-एक नमूने संग्रहित किए। इसके बाद करीब 22 क्विंटल खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया।

नगर पालिका ने कोतवाली पुलिस को सौंपा पत्र

बिना अनुमति सड़क खोदने पर जल निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नगर क्षेत्र में बिना अनुमति सड़कों की खुदाई किए जाने और खुदाई के बाद उनकी आधी-अधूरी मरम्मत किए जाने का मामला सामने आया है। इससे आम जनता को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने जल निगम के संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को पत्र सौंपकर प्राथमिकी दर्ज किए जाने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। नगर पालिका परिषद की ओर से दिए गए पत्र के अनुसार, नगर के वार्ड संख्या 21 स्थित मोहल्ला तालाबपुरा के डोड़ाघाट में पत्रकार संजीव नामदेव के मकान के पास लगभग एक वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नई सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि जल निगम के कर्मचारियों द्वारा इस सड़क को क्षतिग्रस्त किए जाने की तैयारी की सूचना मिलने पर नगर पालिका के अवर अभियंता और अन्य कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर पक्की सीसी सड़क पर विभाग की मशीनरी रखी हुई मिली, जबकि कच्ची पेवर ब्रिक्स सड़क की खुदाई का कार्य किया जा रहा था। मौके पर जानकारी करने पर पता चला कि कच्ची पेवर ब्रिक्स सड़क की खुदाई के बाद पक्की सीसी सड़क को भी खोदने का कार्य प्रस्तावित है। इससे नगर पालिका द्वारा हाल ही में बनवाई गई सड़क के क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताई गई है।

नगर पालिका परिषद का कहना है कि जल निगम की कार्यदायी संस्था द्वारा नगर क्षेत्र में बिना अनुमति सड़कों की खुदाई किए जाने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुदाई के बाद सड़कों की समुचित मरम्मत नहीं होने से कई स्थानों पर रास्ते खराब हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में सड़क सुरक्षा के साथ-साथ सरकारी धन से कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उनके संरक्षण का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो गया है।

क्षत्रिय दशहरा मिलन समारोह में समाज की एकजुटता, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर की चर्चा

श्रीराम के आदर्शों पर चलकर समाज व राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व निभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में क्षत्रिय दशहरा मिलन समारोह का आयोजन बंधा के पास स्थित कृष्णा टावर में किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही समाज की एकजुटता, युवाओं में संस्कारों के प्रसार तथा महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। शुभारंभ जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह परमार ने भगवान श्रीराम एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वक्ताओं ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने अपने आचरण, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा से समाज के सामने आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र ही तालबेहट में मर्दन सिंह जू देव की प्रतिमा स्थापित कराने की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने समाज के महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। धुरवसिंह सिसोदिया ने कहा कि ललितपुर शहर केकिसी प्रमुख चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए नपाध्यक्ष को पत्र लिखकर मांग की जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके शौर्य, त्याग और स्वाभिमान से प्रेरणा ले सकें। जिला महामंत्री भगवत सिंह बैंस ने कहा कि क्षत्रिय समाज के युवाओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलना चाहिए। समाज की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए मर्यादा, अनुशासन, संस्कार और सामाजिक दायित्वों का पालन करना जरूरी है।

बसपा के कैडर कैंप में संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

कार्यकर्ताओं से मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में महरौनी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर नंबर 49 बरौदिया अंतर्गत ग्राम बरोदिया में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कैडर कैंप में मुख्य अतिथि के महरौनी विधानसभा बसपा प्रभारी एवं नयागांव के पूर्व प्रधान तन्सुराम अहिरवार उपस्थित रहे। उनके साथ विधानसभा कोषाध्यक्ष हीरालाल पाल, विधानसभा महासचिव देशपत सिंह गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष इमरान खान, पूर्व बीवीएफ सह संयोजक गुडडू भारती तथा महोली के पूर्व विधानसभा महासचिव धनीराम ने सहभागिता की। इसके अलावा सेक्टर अध्यक्ष दशरथ (बरोदिया), लक्ष्मण (बंट), हीरालाल (धौरा), नाथूराम, सेक्टर सचिव दामोदर (बरोदिया), ज्ञानीराम, पूर्व जिला प्रभारी रामस्वरूप गौतम, सेमरा के प्रधान रामबाबू पटेल, रमेश, वीरेन, बालाबेहट के सेक्टर अध्यक्ष, नीलेश, काशीराम मास्साब और जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकुल बड़ोनिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों, विचारधारा और संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। आपसी समन्वय बनाए रखने और पार्टी के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। मुख्य अतिथि तन्सुराम अहिरवार ने कहा कि कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेदों को दरकिनार कर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

शहीद स्मारक पर आयोजित किया कार्यक्रम

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार 21 अक्टूबर को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शहीदों के बलिदान को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर देश की रक्षा, सुरक्षा और कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया। पुलिस स्मृति दिवस पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। यह दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी।

प्रस्तुति पर ठहाकों से गूंजा पंडाल

सर्वेश्वर धाम में सजा मंच, कवियों ने अपनी रचनाओं से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दशहरे की पूर्व संध्या पर सर्वेश्वर धाम में तुलसी साहित्य अकादमी के बैनर तले विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जगतगुरु महंत श्रीकृष्ण गिरिजी के सानिध्य एवं अध्यक्षता में आयोजित इस साहित्यिक समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, हास्य, व्यंग्य, आध्यात्मिक और भावनात्मक रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों की प्रस्तुतियों पर कहीं तालियों की गूंज सुनाई दी, तो कहीं हास्य व्यंग्य ने श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। शुभारंभ मां शारदा पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सर्वेश्वर धाम के पुजारीजी ने उपस्थित सभी कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। टीकमगढ़ से पधारे कवि प्रशान्त श्रीवास्तव ने मधुर कंठ से मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर साहित्यिक आयोजन को भक्तिमय वातावरण प्रदान किया। कवि सम्मेलन में विक्की रत्नाकर ने अपनी रचना भीड़ में खोये हुए हमें उस आदमी को ढूंढना है प्रस्तुत की। डा.रामुकान्तजी ने मां के प्रति प्रेम और ममता को अभिव्यक्त करती सुंदर रचना सुनाई, वहीं इटावा से आए कवि कन्हैया लाल यादव ने माता-पिता के प्रति समर्पण और उनके महत्व को दर्शाती मार्मिक रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

पालिकाध्यक्ष सोनाली जैन ने देर रात तक किया निरीक्षण

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए नपा ने किए चाक चौबंद इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शारदीय नवरात्रि के समापन पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद ने गोविन्द सागर बांध की तलहटी स्थित विसर्जन स्थल पर व्यापक व्यवस्थाएं कीं। पालिकाध्यक्ष सोनाली जैन ने पार्षदगणों एवं अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने देर रात तक मौके पर रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी की और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं के सुरक्षित एवं व्यवस्थित विसर्जन के लिए हाइड्रा मशीन की व्यवस्था की गई, जिससे प्रतिमाओं को विसर्जन कुंड में विसर्जित कराया गया। पालिकाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली तथा श्रद्धालुओं से भी संवाद किया। उन्होंने विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पालिकाध्यक्ष सोनाली जैन की ओर से विसर्जन स्थल पर भंडारे का आयोजन किया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

महिलाओं और युवतियों ने निकाली शोभायात्रा

जवारों का विसर्जन किया, जयकारों से गूंजे देवी मंदिर और जलाशय

ललितपुर। शारदीय नवरात्र पर्व के समापन पर जनपद भर में जवारे विसर्जन का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जवारों का विसर्जन किया। इस दौरान शहर के विभिन्न देवी मंदिरों और मोहल्लों में धार्मिक माहौल बना रहा। माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्र के प्रथम दिन घरों और देवी मंदिरों में बोए गए जवारों की नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि समापन पर महिलाओं और युवतियों ने श्रद्धापूर्वक जवारों को सिर पर रखकर शोभायात्रा निकाली और निर्धारित जलाशयों एवं विसर्जन स्थलों तक पहुंचीं। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। परंपरा के अनुसार जवारे विसर्जन के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को जवारे भेंट किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

डीजे विवाद के बाद मां पूर्णेश्वरी समिति ने विसर्जन से किया इनकार

कुरावर में दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान हंगामा, पुलिस पर लगाया लाठीचार्ज का आरोप

एसडीएम-एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे मोईलीकला तालाब, समझाइश के बाद दोपहर 3 बजे हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरावर

नगर में मंगलवार सुबह दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन चल समारोह के दौरान डीजे को लेकर विवाद हो गया। मुख्य मार्ग पर पुलिस और झांकी समिति के सदस्यों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया। खेड़ी क्षेत्र की मां पूर्णेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रतिमा विसर्जन करने से इनकार कर दिया। समिति के सदस्यों ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विवाद के चलते विसर्जन में देरी हुई। सूचना मिलने पर एसडीएम, एसडीओपी सहित प्रशासनिक अधिकारी मोईलीकला तालाब पहुंचे। अधिकारियों की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद दोपहर करीब 3 बजे मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

रात 2 बजे से शुरू हुए विसर्जन चल समारोह

नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे से चल समारोह शुरू हुए। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे खेड़ी क्षेत्र में मां पूर्णेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति का चल समारोह निकल रहा था। इसी दौरान रोशन डीजे और शिव तांडव डीजे को लेकर विवाद की स्थिति बन गई।

डिवाइडर के दोनों ओर डीजे लगाने से बढ़ा विवाद

पुलिस के अनुसार, चल समारोह के दौरान रोशन डीजे और शिव तांडव डीजे द्वारा डिवाइडर के दोनों ओर डीजे लगाए गए थे और तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने डीजे संचालकों को समझाइश दी, लेकिन विवाद की स्थिति बनी रही। इसी दौरान रोशन डीजे से सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल को टक्कर लगने की बात सामने आई। बताया गया कि इस घटना में एक बच्चे को भी चोट आई है। पुलिस के अनुसार स्थिति को देखते हुए पुलिस बल ने सख्ती बरतते हुए डीजे को आगे बढ़वाया। इसके बाद डीजे संचालकों और नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों के बीच विवाद बढ़ गया। समिति के सदस्यों ने डीजे और प्रतियोगिता आयोजित करने की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन करने की बात कही। पुलिस का कहना है कि समझाइश के बाद लोग सड़क से हट गए।



समिति का आरोप डीजे पर लाठियां बरसाई, सदस्य का हाथ फ्रैक्चर

वहीं, झांकी समिति के सदस्यों का आरोप है कि वे शांतिपूर्वक चल समारोह में शामिल थे, तभी पुलिसकर्मियों ने उनके डीजे पर लाठियां बरसाईं और उनके साथ मारपीट की। समिति के सदस्यों ने दावा किया कि घटना में एक सदस्य के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है। घटना के बाद झांकी समिति के सदस्य और वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अनिल दरबार सहित अन्य सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने से इनकार कर दिया। समिति की मांग थी कि कथित लाठीचार्ज और मारपीट के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके चलते मामला तूल पकड़ गया और प्रतिमाओं के विसर्जन में देरी होने लगी।

10 से 15 किलोमीटर दूर मोईलीकला तालाब पहुंचे अधिकारी

विवाद को सुलझाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। नरसिंहगढ़ एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल, एसडीओपी राम स्नेही यादव, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चौहान और थाना प्रभारी जितेंद्र मवई नगर से करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थित मोईलीकला तालाब पहुंचे। अधिकारियों ने झांकी समिति के सदस्यों से चर्चा की और उन्हें समझाइश दी। समिति के सदस्यों ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। प्रशासन की ओर से मामले में कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद समिति के सदस्य प्रतिमा विसर्जन के लिए सहमत हुए। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।

जांच के आधार पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

नरसिंहगढ़ एसडीएम अभय प्रताप सिंह पटेल ने कहा, हमने मामले की जानकारी ली है। इस मामले में जो कार्रवाई होगी वह हम करवाएंगे। वहीं, नरसिंहगढ़ एसडीओपी राम स्नेही यादव ने कहा, मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के आश्वासन पर किया विसर्जन : अनिल दरबार

झांकी समिति के सदस्य एवं वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद अनिल दरबार ने कहा, हम शांतिपूर्वक चल समारोह में चल रहे थे। उसी समय पुलिसकर्मियों ने हमारे डीजे पर लाठियां बरसाईं। हमने प्रशासन के कहने पर विसर्जन किया है। हमें विश्वास है कि मामले में कार्रवाई होगी।

जांच और कार्रवाई पर टिकी नजरें

दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान हुए इस विवाद में पुलिस और समिति के सदस्यों के अलग-अलग पक्ष सामने आए हैं। पुलिस ने डीजे विवाद और मोटरसाइकिल को टक्कर लगने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए सख्ती बरतने की बात कही है, जबकि समिति के सदस्यों ने पुलिस पर लाठीचार्ज और मारपीट के आरोप लगाए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब जांच के निष्कर्षों और आगे होने वाली कार्रवाई पर सभी की नजरें रहेंगी।

नरसिंहगढ़ विधायक के पास पहुंचे समिति सदस्य

घटना से नाराज समिति के सदस्य विधायक मोहन शर्मा के पास पहुंचे और उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इस पर विधायक शर्मा ने पुलिस की कथित कार्रवाई को अनुचित बताते हुए मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही, उन्होंने समिति के सदस्यों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

पुलिस अधिकारियों की रही मौजूदगी

विजयादशमी पर पुलिस थाना सारंगपुर में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने किया शस्त्र पूजन



विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कन्या पूजन और कोहले की बलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को पुलिस थाना सारंगपुर में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने थाने पहुंचकर विधि-विधान से शस्त्र पूजन और पूजा-अर्चना की। धार्मिक परंपराओं के अनुसार उन्होंने कन्या पूजन भी किया। इसके बाद कोहले की बलि दी गई। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। हिंदू संस्कृति में यह पर्व शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन शस्त्र पूजन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पुलिस विभाग में भी इस परंपरा का विशेष महत्व है, क्योंकि पुलिसकर्मी शस्त्रों के माध्यम से कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं।

थाना परिसर में राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विजयादशमी की परंपराओं का निर्वहन किया। इस दौरान कन्या पूजन कर धार्मिक मान्यताओं के प्रति आस्था व्यक्त की गई। इसके बाद कोहले की बलि की रस्म संपन्न हुई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर न, एसडीओपी महेश सुनैया, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, निरीक्षक वीरेंद्र धाकड़,एसआई आनंदीलाल भिलाला, एचसीएम इरफान खान, आरक्षक बनवारी सोनी, सत्येंद्र रघुवंशी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। विजयादशमी पर थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। साथ ही पुलिस विभाग की सेवा, सुरक्षा और कर्तव्यनिष्ठा के महत्व को भी रेखांकित किया गया।

विजयादशमी पर नगर के विभिन्न पंडालों से निकली विसर्जन यात्राएं

ढोल और डीजे की धुन पर निकले जुलूस, दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

कालीसिंध नदी किनारे विसर्जन कुंड में किया प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को सारंगपुर नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धा और उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ढोल-डीजे की धुन पर जुलूस निकालकर विसर्जन के लिए ले जाया गया।



इस दौरान भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में व्यापारी एसोसिएशन सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन के लिए रवाना किया गया। ढोल-डीजे की धुन पर निकली विसर्जन यात्राओं में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना करने के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की। विसर्जन यात्राएं नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कालीसिंध नदी किनारे बनाए गए विसर्जन कुंड तक पहुंचीं, जहां निर्धारित स्थान पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग का अमला मौके पर मौजूद रहा। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में विसर्जन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। नवरात्रि के समापन पर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। मां दुर्गा की विदाई के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन हुआ।

विजयादशमी पर संघ का पथ संचलन, तीन बस्तियों से निकले स्वयंसेवक परशुराम चौराहे पर हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

विजयादशमी पर्व के अवसर पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में विशाल पथ संचलन निकाला गया। नगर की विभिन्न बस्तियों से स्वयंसेवकों ने अलग-अलग स्थानों से संचलन प्रारंभ किया। अनुशासित कदमताल करते हुए स्वयंसेवक निर्धारित मार्गों से आगे बढ़े। विभिन्न बस्तियों के संचलन का परशुराम चौराहे पर एकत्रीकरण हुआ। इसके बाद सभी स्वयंसेवक अस्पताल रोड और बदलीपुरा होते हुए शास्त्री स्कूल पहुंचे, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत रविदास एवं विवेकानंद बस्ती का पथ संचलन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से, सुदर्शन नगर बस्ती का संचलन माता मंदिर से तथा महाकाल एवं खेड़ापति बस्ती का संचलन शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर से प्रारंभ हुआ। रास्ते में संत रविदास-विवेकानंद और महाकाल बस्ती के स्वयंसेवकों का संचलन जामा मस्जिद के सामने मिला। इसके बाद विभिन्न बस्तियों के स्वयंसेवक परशुराम चौराहे पर एकत्रित होकर शास्त्री स्कूल पहुंचे। शास्त्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शिवनारायण मालवीय ने की।



रामचरितमानस हमारे जीवन और समाज की रचना का महत्वपूर्ण आधार : उदय सिंह

मुख्य वक्ता राजगढ़ के सरसंघचालक उदय सिंह चौहान ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमारे जीवन और समाज की रचना का महत्वपूर्ण आधार है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, सेवा, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण का अहंकार उसके विनाश का कारण बना। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और संघ की स्थापना का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को दूर कर समाज को संगठित करना है। चौहान ने कहा कि शाखा के माध्यम से व्यक्ति के मन, विचार और चरित्र का निर्माण होता है। संघ समाज को संगठित कर राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष को सामाजिक जागरूकता, एकता और संस्कारों के प्रसार का महत्वपूर्ण अवसर बताया। संबोधन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

विदेश सेवा के अधिकारियों ने जानी विदिशा की शैक्षणिक, औद्योगिक और ऐतिहासिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक दुबे और शुचिता किशोर ने सोमवार को विदिशा जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, कृषि आधारित उद्योग और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया। अधिकारियों ने जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित सशक्त वाहिनी कोचिंग कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं की अध्ययन रणनीति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पण, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन को सफलता का



आधार बताया। इसके बाद अधिकारियों ने कृषि आधारित उद्योग का अवलोकन कर उत्पादन प्रक्रिया, स्थानीय कृषि उपज के उपयोग, मूल्य संवर्धन और रोजगार की संभावनाओं को समझा। उन्होंने उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण कर प्राचीन शिल्पकला और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त की।

मरीजों और अटेंडेंट को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को जिला चिकित्सालय के सभागार में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के संबंध में निर्णय लिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मरीजों के साथ उनके



विदिशा। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कलेक्टर।

परिजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मूलभूत सुविधाओं में सुधार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति की आय-व्यय संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही उपलब्ध संसाधनों, किए गए खर्च और आगामी आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की स्थिति भी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई गई। इसमें पूरे हो चुके कार्यों और शेष कार्यों की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने अस्पताल में स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण बनाए रखने के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, चिकित्सक, समिति सदस्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मोडिफाइड साइलेंसर लगाने पर 3 हजार रुपए जुर्माना वसूला

विदिशा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मोडिफाइड साइलेंसर लगी बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन चालक अनुज यादव (19), निवासी सुभाष नगर, थाना सिविल लाइन से 3 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर और अन्य उपकरणों का उपयोग करने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की समझाइश दी। शहर में कई बुलेट में मोडिफाइड सिलेंडर लगे हुए हैं।

गांधी प्रतिमा पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरवाई

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी कुरवाई द्वारा मेन बाजार में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के आव्हान पर वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान के अंतर्गत शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। गांधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326



कुरवाई। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी।

का वाचन एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस दौरान वोट चोरी की नीति एवं लोकतंत्र पर हमले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप स बड़ों संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।

बनाई रणनीति, पालक महासंघ व विद्यार्थी परिषद मिलकर चलाएंगे महा सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरखेड़ा जागीर

पालक महासंघ मध्यप्रदेश और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

प्रदेशभर से आए प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा और अखिल आर्यावर्त संघ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में



महा सदस्यता अभियान की रूपरेखा तैयार करने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। युवाओं, विद्यार्थियों और पालकों को संगठन से जोड़ने के लिए अभियान को घर-घर और कॉलेजों तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही जिला और संभाग स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की समस्याओं, पालकों के अधिकारों और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने महा सदस्यता अभियान को सफल बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया।